**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 18 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सशस्त्र बलों के **ऑपरेशन सिंदूर** की सफलता के बीच समूचा राष्ट्र, देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता राइफलमैन संजय कुमार का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने करगिल युद्ध में अनुकरणीय बहादुरी का परिचय दिया था।

***हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के निवासी राइफलमैन संजय कुमार 1996 में जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 13वीं बटालियन में शामिल हुए। 4 जुलाई 1999 कारगिल युद्ध के दौरान रायफल मैन संजय कुमार मुषको घाटी में पॉइंट 4875 के एरिया फ्लैट टॉप पर कब्जा करने वाली टीम के प्रमुख स्काउट थे। जब हमले के लिए टीम आगे बढ़ रही थी तो एक जगह से दुश्मन ने ऑटोमेटिक गन से जबरदस्त गोलीबारी शुरू कर दी और टुकड़ी का आगे बढ़ाना कठिन हो गया। ऐसी स्थिति में गंभीरता को देखते हुए राइफलमैन संजय कुमार ने तय किया कि उस ठिकाने को अचानक हमला किया जाए। उन्होंने आमने-सामने की मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानियों को मार गिराया और दूसरे ठिकाने की और ब[illegible]। अचानक हुए हमले से दुश्मन बौखला कर भाग खड़ा हुआ और इसी भगदड़ में दुश्मन अपनी यूनिवर्सल मशीन गन भी छोड़ गए संजय कुमार इस यूनिवर्सल मशीन गन से दुश्मन का ही सफाई शुरू कर दिया और फ्लैट टॉप क्षेत्र को दुश्मन के हाथों से छीन लिया। जख्मी होने के बावजूद राइफलमैन संजय कुमार दुश्मन से जूझते रहे और वीरता साहस और असाधारण उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। जिसके लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया, राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

*************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति को अपनी हाल ही में जारी की गई पुस्तक **"जनता की कहानी मेरी आत्मकथा"** की प्रति भेंट की। राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत खुशी और सम्मान का क्षण था क्योंकि राष्ट्रपति ने पुस्तक के कुछ पन्नों को विनम्रतापूर्वक पढ़ा और आत्मकथा में शामिल विषयों पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की, जो मेरे सार्वजनिक जीवन और राष्ट्र के प्रति सेवा का वर्णन करती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन सहित हरियाणा में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने उन्हें राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और महिला सशक्तिकरण सहित प्रमुख क्षेत्रों में किए जा रहे विकास के बारे में जानकारी दी। श्री दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति को हरियाणा में अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के बारे में भी अवगत कराया। राष्ट्रपति ने हरियाणा में लड़कियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों, विशेष रूप से खेल क्षेत्र के बारे में, जानकर प्रसन्नता व्यक्त की और राज्य की प्रगति में उनके बढ़ते योगदान की सराहना की।

*************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि 10वीं के नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 92.49 प्रतिशत रहा है। इसी तरह से स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 73.08 प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद के मुताबिक छात्राओं का परीक्षा परिणाम 94.06 प्रतिशत रहा है, जबकि लड़कों का परीक्षा परिणाम 91.07 प्रतिशत रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी बेटियों ने फिर से साबित कर दिया है कि शिक्षा के क्षेत्र में भी वे बेटों से कम नहीं हैं। बेटियां पढ़ाई में तो अव्वल हैं ही, साथ ही वे खेलों में भी पदक जीतकर देश व प्रदेश का गौरव बढ़ा रही हैं। शिक्षा मंत्री ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे

बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने के पूरे अवसर प्रदान करें, ताकि वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर परिवार व प्रदेश का मान बढ़ा सकें। श्री ढांडा ने बताया कि 497 अंकों के साथ चार परीक्षार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि 496 अंकों के साथ छह परीक्षार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

**************************************************************

कैथल पुलिस ने गांव मस्तगढ़ निवासी पाकिस्तानी जासूस देवेंद्र सिंह ढिल्लों के विरुद्ध साइबर अपराध थाना में देशद्रोह और गोपनीयता अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर है। प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि करीब पांच से छह महीने से ही वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस के संपर्क में आया था। वह अपने ही फोन से स्नैपचैट और वाट्सएप से बात करता था। कल पुलिस की टीम देवेंद्र को साथ लेकर पंचकूला गई और वहां प्रयोगशाला में उसका फोन जमा करवा दिया। अब फोन का पुराना डाटा रिकवर करने का प्रयास किया जाएगा। उसके तीन बैंक खातों की भी जांच की जा रही है। हालांकि फिलहाल उसके खाते में कोई बड़ी राशि का लेन देन सामने नहीं आया है। टीम ने देवेंद्र के घर जाकर भी जांच की है, लेकिन वहां भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी इंटेलिजेंस देवेंद्र को अभी तैयार कर रही थी। उससे पटियाला सेना शिविर के कुछ फोटो और यहां-वहां के स्थानों की जानकारी ही ली गई।

**************************************************************